Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the destruction fo sugar can crops due to natural calamities and insects.

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर): सभापति महोदय, कुशीनगर जिला मुख्यत: कृषि पर आधारित है और वहां के कृषक मुख्यत: गन्ने की खेती पर निर्भर हैं । बेटी की शादी, बच्चों की पढ़ाई, सब कुछ गन्ने की खेती पर आधारित है । गन्ना किसानों की काफी फसल बीते वर्ष प्राकृतिक आपदा की भेट चढ़ी है । गन्ना किसानों को बहुत नुकसान हुआ है।

जो फसल बचे, वे मुड़िया नामक रोग में समाप्त हो गए । सबसे बड़ा दुर्भाग्य तो यह है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में रबी और खरीफ के फसल तो आते हैं, लेकिन गन्ने के फसल की क्षतिपूर्ति उसमें नहीं दी जाती है । हमारी सरकार ने कृषि के मामले में काफी उपलब्धियाँ प्राप्त की है, मसलन किसानों की पैदावार बढ़ाने के साथ उनको आधुनिकीकरण की ओर ले जाने कार्य किया गया है और उनके उपज को स्वतंत्र रूप से न्यूनतम दर पर किसी भी मण्डी में बेचने का अधिकार मिला है ।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय संसदीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि कुशीनगर, गोरखपुर और देवरिया, महाराजगंज यानी पूरे गोरखपुर मण्डल के गन्ना किसानों की फसलें भारी प्राकृतिक आपदा में व रोगों के कारण समाप्त हो गई हैं । उनकी फसलों की क्षतिपूर्ति के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गन्ने की फसल को सम्मिलित कराने का काम करें।